इन्द्र का आविर्भाव एक ऐसे रथ पर हुआ है जो स्वर्ण-मण्डित है और विचार से भी वेगवान् है। 'रथेष्ठा' उपाधि एकमात्र इन्द्र के लिए ही उपयुक्त मानी गयी है। इन्द्र स्तुति द्वारा सन्नद्ध होते है जिसका निःसन्देह यह अर्थ है कि स्तवन द्वारा ही इन्द्र यज्ञ तक आते हैं। इन्द्रकी उत्पत्ति के सम्बन्ध मे विभिन्न विवरण उपलब्ध हैं। संभवतः मेघों के किनारों से विद्युत की चमक के प्रकट होने की धारणा से की यह विचार प्रतीत होता है। जन्म लेने पर ये आकाश को प्रदीप्त कर देते हैं। जन्म लेते ही यह सूर्य रूपी चक्र को गतिशील कर देते हैं। जन्म लेते ही यह एक योद्धा बन गए और जन्म से ही दुर्जेय हैं। अथर्ववेद के अनुसार इन्द्र की माता प्रजापति की पुत्री 'एकाष्टका' है और इनके पिता 'द्यौस' ऋषि हैं। दैत्यों के विनाशक के रूप मे इन्हें देवों द्वारा उत्पन्न किया गया बताया गया है। पुरुष सूक्त मे यह कहा गया है कि इन्द्र व अग्नि विश्वपुरुष के मुख से निकले। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार इन्द्र और साथ ही साथ अग्नि तथा परमेष्ठिन् का प्रजापति से सृजन हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण यह व्यक्त करता है कि देवो मे अन्तिम इन्द्र की रचना प्रजापति ने की। इन्द्र की माता का नाम अदिति भी कहा गया हैं।

इन्द्र के अर्थ की मीमांसा करते समय हमें 'इन्द्र' शब्द के भीतर निहित इन्द्रत्व की भावना

का भी विश्लेषण करना चाहिये। 'इदि परमैश्वर्ये' धातु से इन्द्र शब्द निष्पन्न होता है। अर्थात् वासव, वसुमान्, मघवा आदि अर्थों को अभिव्यक्त करने के लिए ऐश्वर्याधायक 'इदि' धातु का धातुज-अर्थ इसी ओर संकेत करता है। पुराने ऋषियों ने इन्द्रार्थ की विवेचना करते हुए यह परामर्श दिया है कि इन्द्र के इन्द्रत्व को प्रकट रूप में अभिव्यक्त करने के लिए हमें उन समस्त आख्यानों तथा पुरावृत्त पर दृष्टि रखनी ही चाहिए। अतः इन्द्रः कस्मात् इरां दधातीति वा, इरां दृणातीति वा इरां ददातीति वा। अर्थात् इरा (--जल संघात जो कि मेघ रूप मे दिखायी देता है) को धारण करने अथवा विदारण करने अथवा दान करने से इन्द्र को इन्द्रत्व का विशेषण मिला है।

व्याकरण के आचार्य हमे परामर्श देते हैं कि इन्द्रिय इन्द्र का ही प्रतीक है क्योंकि चक्षु आदि इन्द्रियों के सहारे हम इन्द्र (आत्मा) को जानने का अभ्यास करते हैं। वामदेव आदि ऋषियों का कहना है कि इन्द्र ही परम ब्रह्म है। इसको मैंने देखा (इदम् अहम् अदर्शम्--इदं द्रम् सन्तम् इन्द्र इति) इसको 'इदन्द्र' कहते-कहते इन्द्र कहने लगे।

समस्त शास्त्रों का आदि प्रणेता तथा प्रचारक इन्द्र ही माना जाता है। आयुर्वेद, गन्धर्ववेद, व्याकरण, ज्योतिष, काव्य आदि सम्प्रदाय में इन्द्र का आदि नाम गर्व से लिया जाता है। सैन्य सञ्चालन, नासीर (सेना का अग्रभाग) में युद्ध करना और विजय श्री को लाना इन्द्र का ही काम है अतः युद्ध के भी नेता तथा देवता इन्द्र ही माने गए हैं।

कृषि तथा कृषकों के भी आदि देव इन्द्र ही हैं। इन्द्र ही उष्णता का सम्पादन करके बीज में अंकुराधान करते हैं। इरां दृणाति का यह भी अर्थ है कि इन्द्र को ही बीजांकुरों के स्फुरण कराने में कारण समझा जाय। वृष्टि के देवता इन्द्र ही माने जाते हैं, अतः उन्हें 'वृषा' कहा गया है। इन्द्र को अत्यन्त पवित्र माना गया है। ऋषि नोधा तो इन्हें ऋचाओं--सा पवित्र (ऋचीषमः) कहते हैं।

इन्द्र का वज्र अत्यन्त भयावह तथा अमोघ--शक्ति वाला है। इसका कोई प्रहार व्यर्थ नहीं जाता। इस वज्र में सुन्दर शंकु लगे हैं और इसे बड़ी सावधानी से त्वष्टा ने बनाया है। द्युलोक, पृथ्वीलोक तथा अन्तरिक्ष में इन्द्र अपनी माया तथा महत्ता से परिव्याप्त कहे जाते हैं। इन्द्र स्वराट् हैं तथा समस्त सिन्धुओं को (--नदियों को) स्यन्दनशील बनाते हैं। पर्वतों के पीछे ऊंचाई पर हिमानी रूप में छिपे हुए जल-संघात को अशनि-पात द्वारा चलायमान करते हैं।

अन्धकार में बिखरे हुए, अन्धकार को दूर करने के लिए इन्द्र ही सूर्य में ओज भर कर उसे ऊपर उठाते हैं। इन्द्र का ही समस्त काम प्रशंसनीय और पूजनीय है, इसी अभिप्राय को अभिव्यक्त करने के लिए इन्द्र को 'सुदंसाः' कहा गया है। शीतल गाय में उष्ण दुग्ध इन्द्र ही स्थापित करते हैं। कृष्णा गाय में श्वेत दुग्ध रखना इन्द्र का ही काम है। इन्हीं आश्चर्यचकित कार्यों के कारण ऋषियों ने इन्द्र को कहा कि वही द्युमान् है और वही क्रतुमान् भी है। इन्द्र ही लोगों को पथभ्रष्ट होने से बचाते हैं अतः इन्हें सुनीथ--सुन्दर नयन वाला कहा जाना सर्वथा उपयुक्त है। इन्द्र मननशील पुरुष को बुद्धि-धन से तृप्त करते हैं। इन्द्र के भयावह अशनिपात से बड़े-बड़े पहाड़ भी फट जाते हैं। उनके समस्त रत्न फटी घाटी से जगमगाने

लगते हैं। इन्द्र के सम्बल में रहने वाला स्तोता भी अभय और निश्चिन्त हो जाता है।

समस्त मनुष्यों में तथा समस्त देवों में इन्द्र ही एक ऐसा महान् देवता है जिसे तपोधन या सुतपाः कहा जा सकता है। इन्द्र शूर और मन्दिष्ठ हैं। इन्द्र को ही राग-द्वेष विवर्जित होने से एक मात्र शुचि कहा जा सकता है। इन्द्र का धनकोश कभी रिक्त नहीं होता। वे सदा 'रेवान्' ही बने रहते हैं। सतत सन्नद्ध तथा अश्वों से तत्पर रहने के कारण इन्द्र को 'हरिवः' अथवा 'हरिवान्' कहा गया है।

जो लोग केवल मुख से इन्द्र की प्रशंसा का उद्गान करते हैं पर आचरण-विरोधी हैं, इन्द्र उनके स्तवन अथवा गान को स्वीकार नहीं करते। इन्द्र की शक्तियां अपार हैं अतः वे अपनी उन अनेकों प्रकार की शक्तियों से सशक्त रहते हुए कार्य तथा उपदेश करते रहते हैं (शिक्षा शचीवः शचीभिः)। इन्द्र स्वप्नशील अथवा प्रमादी के लिए कभी भी स्पृहा नहीं करते। वे स्वयं सदा सावधान युवक हैं। उनकी पत्नी भी नित्य तरुणी है अतः उनको 'युवजानिः' –युवतिर्जाया यस्य कहा गया है। इन्द्र सदा ऋषियों से युक्त रहते हैं। (ऋषीवः)। मुख, नासिका, हनु (–जबड़ा) शिर आदि सभी इन्द्र के सम तथा सुन्दर हैं। इन्द्र सदैव युद्ध के लिए तत्पर रहते हैं इसी कारण इन्हें खजकृत् तथा शत्रुओं की नगरियों का विदारण करते हैं अतः इन्हें पुरन्दर कहा गया है। इन्द्र महान् मनस्वान् और मनीषी हैं। दीन-दक्ष सभी को सक्षम बनाते हैं। इन्द्र ही विजयोल्लास को देने वाले हैं और समस्त विश्व के वही एक प्रतिमान हैं।

इन्द्र को अन्य अनेक देवताओं से सम्बद्ध किया गया है। इनके प्रमुख मित्र तथा सहायक मरुद्गण हैं जिनका असंख्य स्थलों पर इन्द्र के युद्ध–अभियानों में इनकी सहायता करने वालों के रूप में उल्लेख है। इन देवों (मरुतों) से इन्द्र का इतना घनिष्ठ सम्बन्ध है कि मरुत्वान् उपाधि जो यद्यपि कभी-कभी कुछ अन्य देवों के लिए भी प्रयुक्त हुई है, इन्द्र की ही विशेषता है और इसका तथा साथ ही 'मरुद्गण' का प्रयोग मात्र ही इन्द्र का बोध कराने केलिए पर्याप्त है। 'अग्नि' के साथ इन्द्र को एक युगल देव के रूप में किसी भी अन्यदेव की अपेक्षा कहीं अधिक बार संयुक्त किया गया है। यह भी कहा गया है कि इन्द्र ने दो पत्थरों के बीच से अग्नि को उत्पन्न किया अथवा अग्नि को जल मे छिपा हुआ पाया। इन्द्र को कभी कभी वरुण और वायु के साथ, और अपेक्षाकृत कुछ कम बार सोम, बृहस्पति, पूषन्, और विष्णु के साथ भी सम्बद्ध किया गया है। इन देवों में से विष्णु, इन्द्र के विश्वास-पात्र मित्र हैं और कभी-कभी दैत्यों के साथ युद्ध मे इन्द्र की सहायता भी करते हैं।

इन्द्र की विशालता और शक्ति की अत्यन्त उन्मुक्त रूप से प्रशंसा की गई है। जन्म ले चुके अथवा जन्म लेने वालों मे से कोई भी इनके समान नहीं है। किसी भी ऐसे व्यक्ति ने न तो जन्म लिया और न जन्म लेगा जो इनके बराबर हो। न तो देव, न मनुष्य और न जल ही इनके पराक्रम तक पहुंच सके है। यह देवों मे भी अतिश्रेष्ठ हैं। शक्ति व पराक्रम में सभी देव इनसे कम हैं। कहा गया है कि युद्ध द्वारा इन्होंने देवों के लिए पर्याप्त स्थान अर्जित किया। यह सभी जंगम व जीवित प्राणियो के अधिपति हैं। इन्हें अनेक बार सार्वभौमिक सम्राट् और सर्वसत्ता सम्पन्न राजा कहा गया है। अभिव्यक्ति शक्ति के भी अनेक चारित्रिक गुणों से इन्द्र को सम्पन्न बताया गया है। ऋग्वेद में

ग्यारह बार आने वाली 'शचीपति' (पराक्रम के अधिपति) उपाधि केवल इन्द्र के लिए ही प्रयुक्त हुई है। इन्द्रका 'पराक्रमके अधिपति(शचीपतेशचीनाम्) के रूपमें एक शब्द अनेक बार प्रयुक्त हुआ है। यह उपाधि वैदिकोत्तर साहित्य में भी प्रचलित है जहां यह 'शची के पति' के रूप में इन्द्र की द्योतकता है। 'शतक्रतु' (शत शक्तियों से युक्त) का बहु प्रचलित गुण केवल इन्द्र के लिए ही प्रयोग किया जाता है। अधिकांश दशाओं में इन्द्र के लिए 'सत्पति' (शक्तिशाली अधिपति) का व्यवहार हुआ है। यह शक्तिशाली (तवस्), क्षिप्र (नृतु) विजयी (तुर), वीर (शूर) असीम शक्ति वाले और अविजेय पराक्रम वाले हैं। इसी कारण इन्हे परमैश्वर्यवान् की उपाधि दी गई है। 'वज्र' नामक हथियार को धारण करने के कारण इन्हें 'वज्रबाहु' की उपाधि भी दी गयी है।

एक प्राचीन कथा के अनुसार ये सोमपान करने के पश्चात् उल्लसित होकर यह अवर्षण के उस प्रमुख दैत्य पर आक्रमण करते हैं जिसे बहुधा अवरोधक 'वृत्र' और अक्सर अहि 'सर्प' भी कहा गया है। इनका यह युद्ध अत्यन्त भयकर है। इन्द्र अपने वज्र से वृत्र को छिन्न-भिन्न कर देते हैं। इन्होंने अपने वज्र से जल को रोक रखने वाले वृत्र को मारा। अर्थात् इन्होंने जल मे छिपे तथा जल और आकाश को अवरुद्ध करने वाले दैत्य का वध किया और जल को आवृत्त कर रखने वाले 'वृत्र' पर वज्र से उसी प्रकार प्रहार किया जिस प्रकार एक वृक्ष पर प्रहार किया जाता है। इसी कारण 'अप्सुजित्' एकमात्र इन्हीं का गुण कहा गया है। इन्होंने 'वृत्र' द्वारा रोक रखे गए जल को प्रवाहित किया इस बात से यह भी तात्पर्य सिद्ध होता है कि यह उन जल धाराओं को पर्वतों 'दानवों' से मुक्त करते हैं जो बन्दी गायों के समान हैं। 'मेघ' इन्द्र की प्राचीन कथाओं में अधिकतर 'पर्वत' 'गिरि' के ही रूप मे आते हैं अथवा 'मेघ' एक चट्टान 'अद्रि' है जो गायों को आवृत्त करता है और जिसे इन्द्र अपने स्थान से हटाते हैं। इसी 'वृत्र पुराकथा' के महत्त्व के कारण ही इन्द्र की प्रमुख व विशिष्ट उपाधि 'वृत्रहन्' है।

इन्द्र ही सूर्य, तथा साथ ही उषा को उत्पन्न करते हैं। यह भी कहा गया है कि इन्द्र ने कम्पित होने वाले पर्वतों तथा भूमियों को स्थिर किया। एक बाद के ग्रन्थ में यह भी कहा गया है कि इन्द्र ने उन (मेघों) के पंखों को काट दिया जो पहले जहां कहीं चाहते थे उतर जाते थे और इस प्रकार पृथ्वी को अस्थिर बना रखा था। इसी प्रकार यह भी कहा गया है कि इन्होंने उस आकाश व पृथ्वी को प्राप्त किया जो छिपे हुए थे। अथवा प्रकाश व जल के साथ-साथ इन दोनों को भी जीता।

वज्र धारण करने वाले इन्द्र का, जो युद्ध मे सभी अन्तरिक्षीय दैत्यों को विनष्ट करते हैं योद्धाओं द्वारा नित्य ही आवाहन किया जाता है। इन्होंने दस्युओं को आर्यों के अधीनस्थ किया और आर्यों को भूमि प्रदान की। अधिक सामान्य रूप से इन्द्र को एक सहानुभूतिपूर्ण सहायक अपने स्तोताओं का मुक्तिदाता और समर्थक उनकी शक्ति और सुरक्षा की प्राचीर आदि के रूप में व्यक्त किया गया है। उदारता इन्द्र के चरित्र की इतनी अधिक विशिष्टता मानी गयी है कि 'मघवन्' होने का बहुप्रयुक्त गुण ऋग्वेद मे केवल इनके लिए ही प्रयुक्त हुआ है और वैदिकोत्तर साहित्य में भी यह एकमात्र इन्हीं की उपाधि है।

'वसुपति' (धन के अधिपति) उपाधि भी प्रमुखतः इन्द्र के लिए ही व्यवहृत हुई है।

विजय के उल्लेखों में अक्सर 'दासों' अथवा दस्युओं पर इन्द्र के विजय के खण्डशः सन्दर्भ भी मिलते हैं। यह लोग प्रमुखतः मानव-शत्रु हैं जो गुण रहित हैं तथा यज्ञादि नहीं करते। यद्यपि अलग-अलग 'दासों' पर इन्द्र की विजय के वर्णनों में निःसन्देह पर्याप्त मात्रा में पुराकथा के शास्त्रीय तत्त्व सम्मिलित हैं तथापि इन पुराकथाओं का आधार सर्वथा पार्थिव और मानवीय प्रतीत होता है। क्योंकि जहां 'वृत्र' का वध मानव मात्र के कल्याण के लिए किया गया है वहीं अलग-अलग उन मनुष्यों का भी उल्लेख है जिनके लिए इन्द्र ने दास अथवा 'दासों' को विजित किया।

सम्पूर्ण रूप से देखने पर इन्द्र के गुणों में प्रमुखतः भौतिक संसार पर प्रभुत्व और प्राकृतिक श्रेष्ठता का भाव ही देखने को मिलता है। इन्द्र एक सार्वभौमिक सम्राट् हैं जो एक नैतिक नियम पालक शासक के रूप में, एक ऐसे योद्धा के रूप में है जो सदा विजय प्राप्त करता है और जो मानवों की भलाई केलिए हो हमेशा अपने कार्यों को करता है, और जो महान् सोम-यज्ञों में आनन्द का अनुभव करते हैं। स्तुतियों को सम्पन्न करने वाले पुरोहित वर्ग पर समृद्धि की वर्षा करते हैं। सामान्य रूप से इनका वर्णन वरुण की भांति नैतिक उच्चता और वैभव से सम्पन्न होने के रूप में नहीं किया गया है फिर भी अनेक ऐसे स्थल हैं जो विशिष्टतः वरुण जैसे कृत्यों से इन्द्र को भी युक्त बताते हैं। ऋग्वेद में एक स्थान पर यह भी कहा गया है कि इन्होंने तपस्या द्वारा द्युलोक की प्राप्ति की।

अन्त में इसे 'मित्र' 'तुर्क' तथा फारस के प्राचीन देवता की उपाधि से भी विभूषित किया जा सकता है। अवेस्ता में इन्द्र का नाम कई बार आता है। परन्तु 'अवेस्ता' में इसे एक 'देवता' न मान कर एक 'असुर' के रूप में माना गया है इसी कारण वहां इसका चरित्र भी असन्दिग्ध है। इन्द्र के लिए प्रयुक्त विशिष्ट वैदिक उपाधि 'वृत्रहन्' भी अवेस्ता में 'वेरेथ्रघ्न' के रूप में आती है। फिर भी यहां यह केवल विजय के देवता का ही द्योतक है। अतः यह भी संभव है कि भारतीय ईरानी काल में भी वैदिक 'वृत्रहन् इन्द्र' के समकक्ष किसी देवता का अस्तित्व रहा हो। यह भी संभव है कि प्रचुर भोजन तथा पान करने वाले एक ऐसे गर्जन देवता की धारणा रही हो जो अपने विद्युत रूपी वज्र से दैत्य का वध करता है।

इस प्रकरण के अन्त में इन्द्र के विषय की एक कथा जो कि 'अहल्या की कथा' के नाम से जानी जाती है वह भी बतानी आवश्यक प्रतीत होती है क्योंकि इसके बिना इन्द्र की एक विशेषता दर्शित होने से वंचित रह जाती है। उस कथा के अनुसार इन्द्र गौतम की पत्नी अहल्या के जार के रूप में प्रदर्शित हैं परन्तु 'अहल्या' (दिन जिसमें लीन हो जाता है अर्थात् रात्रि) है और उसका पति गौतम (किरणों को धारण करने वाला अर्थात्) चन्द्रमा है और उस रात्रि–को (जार) जीर्ण, विदीर्ण करने के कारण यह सूर्य ही इन्द्र की इस कथा का नायक है इस प्रकार इस एक कथा के माध्यम से राकेश अर्थात् (राका का पति) चन्द्रमा की अनुपस्थिति में इन्द्र अर्थात् सूर्य उस

रात्रि को समाप्त कर देता है इस प्राकृतिक सत्य का उद्घाटन किया गया है।

उपरोक्त प्रमाणों पर दृष्टिपात करने से यह सर्वथा स्पष्ट हो जाता है कि इन्द्र वस्तुतः सूर्य है न कि दासों (आदिवासियों या काले आदमियों) से द्वेष रखने वाला कोई अप्राकृतिक देवता। इस रूप में आर्यों व दासो की कल्पना पर खड़ा हुआ ऐतिहासिक मत स्वतः ध्वस्त हो जाता है। वह केवल आदर्शों का, ऊर्जा का, प्रकाश का, उन्नति का प्रतीक हो जाता है जो हम मानवों के ध्वजों को व वंशों को भी प्रभावित करता है।

आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः ।

ता यदस्यायनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः ॥१-९

यह श्लोक मनुस्मृति से लिया गया है। भगवान् मनु के विचार से आपः (जल) के लिए 'नारा' शब्द की प्रसिद्धि है क्योंकि 'नर' नामक परमात्मा हो सन्तति होने से इन्हे (आप = जलानि) आपः = नारा कहा गया है। यदि ऐसा है तो अपत्य — अर्थ में नर से नार ( अण् प्रत्यय होने पर ) और स्त्रीलिंग में ङीप होकर नारी बनेगा। समाधान यह है कि वेद में सारी विधियों का विकल्प प्राप्त है अतः ङीष् न होने की स्थिति में 'नारा' रूप बना। यह नारा रूप जलायन ही भगवान् के ऐश्वर्य का आश्रम है। अतः भगवान् को नारायण कहने की प्रथा है।

—००—

# वन्दे मातरम्

—कु० वन्दना त्रिपाठी

जबकि बच्चा घर से निकले,
'वन्दे मातरम्' दे सिखा,
ताकि पहली बार निकले
मुख से वन्दे मातरम् ।।
हर सांस में मृदु मन्त्र ले
वन्दे मातरम् को रमा ।।
प्यार से भर-भर रे वन्दे
मन में वन्दे मातरम् ।।
जब कि अरथी जग से निकले
वन्दे मातरम् मुख से बोल ।
ताकि अन्तिम बोल निकले
मन्त्र वन्दे मातरम् ।।

'वन्दे मातरम् राष्ट्रीय जागरण की नवचेतना का महामन्त्र है – इस बात की ओर ध्यान जाते ही उन सहस्त्रों लाखों बलिदानी महावीरों की ओर श्रद्वा के सुमन उमड़ पड़ते है जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए अपना अमर बलिदान कर दिया जिन्होंने प्यार भरे आंसुओं की ओर दुधमुहे बच्चों की ओर अपनी अनेक इच्छाओं की ओर ध्यान न देकर भारत माता की तड़पाती हुई आहों की ओर ध्यान दिया। आज उन्हीं के बलिदानों का प्रताप और गरिमा है कि आज हमारा देश स्वातन्त्र्य सुख का अनुभव कर रहा है और विश्व के समक्ष अपना मस्तक गर्व के ऊंचा किये हुए है ।

कौन सी आशा की किरण इस वन्दे मातरम् मे जगमगा उठी ? कौन सा आनन्द इसमें थिरक उठा जिसे पाने के लिये सारा भारत लालायित हो उठा ? १८५७ में भी कुछ लोगों ने शंका व्यक्त की थी । उस समय भी नवचेतना के अग्रदूत इस गान के प्रति अनेक प्रश्न उठे थे । यह भारत माता हमारी मिट्टी ही तो है इसे वन्दना का आधार कैसे बनाया जा सकता है? पर 'आनन्द मठ' के रचयिता श्रद्धेय स्वनामधन्य 'श्री बंकिमचन्द चटर्जी' ने घोषणा की थी कि यह भारत माता मृण्मयी केवल नहीं है यह चिन्मयी है, चेतना की देवी है, मिट्टी की पुतली मात्र नहीं है ।

यह वह भारत माता है जिसके माथे पर कश्मीर की हिम-शिखा किरीट अर्पण कर रही हो, गंगा-यमुना यज्ञोपवीत बन कर जिसके कण्ठ का हार बन रही हो और शर्मदा नर्मदा जिसके लिये आन्दातिरेक में थिरक रही हों, सागर जिसके चरणों का प्रक्षालन कर रहा हो । किं बहुना ? तीस करोड़ मनुष्यों के साठ करोड़ हाथों में जहां बिजलियों–सी–तलवारे जगमगा रही हों––

कै बोले मां तुमि अबिले ।
बहुबल धारिणीं नमामि तारिणीं
रिपु-दल-वारिणीं मातरम् वन्दे ।।

इसी मृदुल मधुर गान के सहारे हमारे अगणित देशभक्तों ने अनेकों प्रकार के कष्ट सहे, यातनायें झेलीं, कारागार के भीतर नाना प्रकार की विपत्तियां झेलीं, और भारत मां को बन्धन से मुक्त कराया ।

देश को स्वतन्त्रता मिली, देश उभरा और साथ ही देश की समस्यायें भी उभर कर हमारे सामने आयीं । हमारे निष्ठा पूर्ण नेताओं ने देश को उज्ज्वल नेतृत्व दिया और सभी क्षेत्र में देश आगे

बढ़ा। अरब के देशों को अपने तेल पर गर्व था तो हमें भी अपने हिमालय के जल पर गर्व है। आज नाना प्रकार के बांधों से, विद्युत् उत्पादन से देश का सुनहरा भविष्य जगमगा उठा है। लोहा और कोयले की भी सम्पदा हमारे पास अपार है। हमारे यान, वाष्पयान और कारखानों के लिये नित्य नये-नये मानदण्ड स्थापित करने पड़े हैं। आज समुद्र भी हमको तेल-दान के लिये विवश हो गया है। जड़ी-बूटियों से नये-नये कीर्तिमान स्थापित करके भैषज्य और रसायन में कार्य प्रगति पर आये हैं। कृषि के लिए नये-नये शोध-संस्थान खुले हैं जहां भारत की कृषि भूमि को उर्वर और सम्पन्न बनाने के लिये गवेषणा कार्य चल रहे हैं।

इन अगणित शोध-संस्थानों, कार्यों, विश्व-विद्यालयों को पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपना कार्य निभाना है और प्रत्येक क्षण यह मातृभूमि की यह अरुण ज्योति जगमगाती हुई मानों प्रेरणा दे रही है कि अपनी पिछली पीढ़ी की वेदना को मत भूलो, उठो ताकि समाज उठे, देश उठे और देश की हर सन्तान उठे।

देश कहीं ऊपर, नीचे, दाये बांये नहीं है, हम-तुम मिलकर देश हैं, हमारा और आपका सम्मान और स्वाभिमान ही देश का सम्मान और स्वाभिमान है।

अणु-ऊर्जा के अनुसंस्थान में हमारे देश के वैज्ञानिकों ने विश्व को चकित कर दिया है। रुई, वस्त्र, मसाले, फल, चीनी आदि के उत्पादन में भी हमारे देश को सफलता मिली है। इन सब के पीछे यही मूलमन्त्र काम कर रहा है कि हम अपनी मातृभूमि को वन्दनीय की पंक्ति में ला खड़ा करेंगे। हमारे महान् पूर्वजों ने मन्त्रों की रक्षा से, ब्रह्म की जिज्ञासा से, योग की परिभाषा से, वेदान्त की अभिलाषा से देश को जो गरिमा प्रदान की है उसे बनाये रखना है। विश्व की संस्कृतियां उठीं और धूल में मिल गयीं पर भारत जागरित है क्योंकि मूल में वेद हैं, भगवान् ऋषि और देवता हैं, उन्हीं लोगों की असीम कृपा से ही हम यह जान पाये कि भारत केवल मिट्टी का नाम नहीं है बल्कि इसकी अपनी अछिन्न, अभिन्न संस्कृति है जो अपने को उभारती तथा विश्व को संवारती है। बीच-२ के राजर्षियों ने अपने त्याग, सत्यता एवं निष्ठा से इस परम्परा को सुभूषित एवं सुसज्जित किया है।

सारा भारत आज बड़े गौरव के साथ एक उदीयमान नक्षत्र की भांति अपनी आशा-किरण फेंक रहा है। बन्दे मातरम् का पाथेय सदा अवलम्बन देगा।

* * *

# मातृका का स्वरूप

डा० विष्णुदत्त राकेश'

शब्द शक्ति है और अर्थ शिव। शब्दार्थ दम्पति से ही पिण्ड-ब्रह्माण्ड का निर्माण हुआ है। पिण्ड अथवा शरीर में जन्म से ही वर्णों की सूक्ष्म अवस्थिति रहती है। इन वर्णों का समाहारक नाद भी नित्य होता रहता है। ये वर्ण उसी नाद या प्रणवरूप अव्याकृत वाक् से क्षरित होते रहते हैं। सोम, सूर्य और अग्नि पिण्ड के मूल आधार हैं। सूर्य का प्राण से सोमका मन से तथा अग्नि का प्राण संवेदन संवाहक तन्तुमूल सुषुम्ना से सम्बन्ध होता है। सूर्य और सोम अर्थात् प्राण और मन का निरोध होने पर इनकी आहुति सुषुम्ना रूप अग्नि में पड़ती है तब साधक वयुनावित् अर्थात् सर्वज्ञ हो जाता है। सोम की १६ कलाएं, सूर्य की २४ कलाएं तथा अग्नि की १० कलाएं मिलकर पिण्ड की रक्षा करती हैं। इनका स्वरूप ज्ञात होने पर सिद्धमाता जैसा कार्य करती हैं तथा अज्ञात रहने पर हर्षशोक का अनुभव कराती हैं। ये कलायें आकाश रूप होकर चेतना के मल को जला कर नैसर्गिक शक्ति का स्रोत स्फुरित कराती हैं अतः इन्हें धात्री होने के कारण मातृका कहा गया है। इन्हीं ५० कलाओं में वर्ण सूक्ष्म रूप से अवस्थित हैं, अतः सूर्य, सोम और अग्नि की ५० कलाएं ही मातृका वर्ण हैं।

षोडशेन्दो कला भानो द्विर्द्वादश दशानले।
सा पञ्चाशत्कला ज्ञेया मातृका चक्ररूपिणी॥

कला का अर्थ है 'क' से लेकर 'ल' पर्यन्त वर्णों का समाहार। ये सब कलाएं एकाक्षर प्रणव में सन्निविष्ट हैं और प्रणव कला रूप होकर सम्पूर्ण पिण्ड अथवा शरीर में व्याप्त है इसीलिए 'ओम इत्येतदक्षरमिद सर्वम्' कहा गया है। नेत्र तन्त्र के १२ वें अधिकरण में भी आया है--

प्रणवः प्राणिनां प्राणो जीवनं सम्प्रतिष्ठितम्।
गलाति प्रणवः सर्वं कलाभिः कलयेच्छिवम्॥

सारे पिण्ड में व्याप्त रहकर भी हृदय में वह विशेष रूप से ध्वनित होता है, अतः हृत्पुण्डरीक में शक्तिरूप प्रणव के ध्यान की बात कही गई है। शिवोपाध्याय ने विज्ञान भैरव विवृति में लिखा है।

ओमिति स्फुरदुरस्यनाहतं गभगुम्फित-
समस्त वाङ्मयम्।
दन्ध्वनीति हृदि यत्परं पदं तत्सदक्ष-
रमुपास्महे महः॥

अतः प्रणव और उसकी विभिन्न कलाओं के रूप में वर्णप्रपंच का अध्ययन करना चाहिए वर्णमाला को भारतीय आचार्यों ने मातृका कहा है। स्वच्छन्दतन्त्र तो यहां तक कहता है कि न विद्या

१ यदा मन्द्राकौं तौ स्वसदन निरोधन वशात्, अभवतौ पीयूषापहरणे सा च भुजगी प्रबुद्धा क्षुत्क्रुद्धा दशति शशिनं बैन्दवगतं सुधाधारा सारैः स्नपयसि तनुं बैन्दव कले (सुभगोदय स्तुति ४)

वि होत्रा दधे वयुना विदेक इन्महो देवस्य सवितुः परिष्टुतिः
युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः। यजुर्वेद ११।४

मातृका परा' (११पटल १९६) अर्थात् मातृका से परे और कोई विद्या नहीं है। मातृका प्रणव से उत्पन्न हुई हैं अतः प्रणव को 'मातृकासूः' भी कहते हैं। मातृका विलास (पृष्ठ ६६) से पता चलता है कि सौभरि ने सर्वप्रथम मातृकानाम-माला ग्रन्थ में अकारादि १६ स्वरों तथा 'क्ष' पर्यन्त व्यंजनों की मातृका रूप में प्रतिष्ठा की।

मालेयं मातृकावर्णैः कृता सौभरिणा पुरा।
विस्तृताङ्गिरसा भूमौ विद्वच्चेतः प्रसादिनी।।

'अ' को आद्य मातृका तथा क्ष को मातृकान्त कहते हैं[२]। लिपि रूप में वह बहिर्मातृका तथा षट्चक्र रूप में अन्तर्मातृका कहलाती है। वर्णमाला का सबिन्दुक उलटा रूप विलोममातृका है। देवों के हाथ में अक्षमाला (रुद्राक्ष) देने का तात्पर्य यही है कि वर्णमातृका का रहस्य जानने वाला शिव की तरह मुक्त रहता है। परात्रिंशिका टीका पृ० १९४ के साक्ष्य से कहा जाता है कि शिव मातृका जपी हैं।

कथयामि वरारोहे यन्मया जप्यते सदा,
अकारादिक्षकारान्ता मातृका वर्णरूपिणी।
कलामंडलमास्थाय शक्ति रूपं महेश्वरि,
ककारादिक्षकारान्ता वर्णस्तु शक्तिरूपिणः।
व्यंजनत्वात् सदानन्दोच्चारणं सहते यतः
उच्चारे स्वरसंभिन्नास्ततो देवि न संशयः।
पंचाशद्वर्णभेदेन शब्दाख्यं वस्तु सुव्रते,
अकारः प्रथमं देवि क्षकारोऽन्त्यस्ततः परम्
अक्षमालेति विख्याता मातृका वर्णरूपिणी।

सम्पूर्ण मंत्रराशि इसी मातृका में सन्निहित है अतः आगमों में इसे मंत्रमाता कहा गया है—

मन्त्राणां मातृभूता च मातृका परमेश्वरी।
यज्ञवैभव० प्र० ४।

समग्र वर्ण राशि को भास्करराय ने वरिवस्या-रहस्य में अ, क, च, ट, त, प, य, श, ल नव वर्ग में विभाजित किया है—

नवभिर्नादैः अ च ट त प य श लाख्य वर्ग नवकवती वैखर्याख्या मातृका जाता।

तन्त्रालोक के छठे अध्याय के २४४ वें श्लोक में 'नववर्गास्तु ये प्राहुः तेषां प्राणशतो रविः' कहकर मालिनी विजयतंत्र के साक्ष्य पर अ, क, च, ट, त, प, य, श, क्ष नववर्ग माने गए हैं।

'ननु क्षकारेण सह नव वर्गाः इति येषां मत-मित्यादि'।

श्री प्रपंचसारतन्त्र के प्रथम पटल में मातृकाओं को सप्तवर्गात्मिक बताया गया है—

'अ क च ट त प य' आद्यैः सप्तभिर्वर्णवर्गैर्विर-चित मुखबाहा पादमध्याख्य हृत्का।

सकल जगदधीशा शाश्वता विश्वयोनिर्वितरतु परिशुद्धि चेतसः शारदा वः।।

इनमें अ वर्ग के स्वर भैरव हैं, बीज हैं तथा क से य वर्ग तक के व्यंजन योनि हैं, भैरवी हैं, व्यंजनों का प्रत्याहारक क्ष है (क+ष) अतः अ वर्ण से भैरव की पूजा तथा क्ष वर्ण से भैरवी की पूजा की जाती है। स्वच्छन्दोद्योत के प्रथम

२ मातृकाद्यः स्वराद्यश्च क्षः कोष. मातृकान्तोऽमलक्षयौ।

पटल में आया है—

'मातृकाधिष्ठातारं भैरवं तत्स्फाररूपतयैव भरणरवणवपनपरमार्थं निष्कल-भट्टारक-स्वरूपं अ वर्गेण व्याप्तार्णित स्वरूपेण षोडशकेन प्रपूजयेत् भैरवी अपि निष्कल भट्टारकाभिन्नस्वरूपैव कादिना क्षान्तेनयोनिवर्गग्रामेणाविभक्तेन तदधिष्ठातृ उमा योगीश्वरी रूपा पूज्या ।।"

महेश्वर ही सप्त मातृकाओं से संयुक्त होकर विद्यमान हैं । उन्हीं शिव-शक्ति रूप वर्णमातृकों की अधिष्ठातृ देवियां ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी वैष्णवी, वाराही, ऐन्द्री तथा चामुण्डा कही गई हैं । उमा या महालक्ष्मी शिव की मूल शक्ति है जो ७ रूपों में विभाजित है । स्वच्छन्द तंत्र के दशम पटल में कहा गया है—

उमैव सप्तधा भूत्वा नामरूपविपर्ययैः
एवं स भगवान् देवो मातृभिः परिवारितः
आस्ते परमया लक्ष्म्या तत्रस्थो द्योतयञ्जगत् ।

— १२९,१३० ।

अ वर्ग की अधिष्ठातृ महालक्ष्मी तथा कवर्ग की ब्राह्मी, च वर्ग की माहेश्वरी, टवर्ग की कौमारी, तवर्ग की वैष्णवी, प वर्ग की वाराही, यवर्ग की ऐन्द्री तथा श वर्ग की चामुण्डा मानी गई है । स्वच्छन्द तंत्रके प्रथम पटल में आया है—

अ वर्गे तु महालक्ष्मी : क वर्गे कमलोद्भवा
च वर्गे तु महेशानी ट वर्गे तु कुमारिका
नारायणी त वर्गे तु वाराही तु पवर्गिका ।

* * *

" फूल चुनकर एकत्र करने के लिए मत ठहरो । आगे बढ़े चलो,
तुम्हारे पथ में फूल निरन्तर खिलते रहेंगे ।"

— रविन्द्रनाथ टैगोर

# वेदों का महत्त्व

डा० भारतभूषण विद्यालंकार

प्रारम्भ से ही भारतीय तत्त्वचिन्तक मनीषियों की यह मान्य धारणा रही है कि सृष्टि के प्रारम्भ में मानव की उत्पत्ति के साथ ही उनके कल्याण की कामना से परमपिता परमात्मा ने नित्यज्ञान का उपदेश दिया था। इसके अनेक प्रमाण भारतीय साहित्य में उपलब्ध होते हैं। सभी धार्मिक ग्रन्थों में यह बात स्पष्ट दिखाई देती है कि परमात्मा ने स्वयं या उनके किसी प्रतिनिधि ने मनुष्यों को ज्ञान प्रदान किया। ज्ञान का एक आधार है शब्द। शब्द और अर्थ का साम्य, उनका सम्बन्ध भी ज्ञान की भांति नित्य है। महाकवि कालिदास की उक्ति "वागर्थाविव सम्पृक्तौ. . "[1] सर्वथा समीचीन है। शब्द और अर्थ का सहभाव सदैव बना रहता है। उस ज्ञानमय परमव्योम में ही सम्पूर्ण देवों की स्थिति है।[2]

यह आदि एवं अन्त रहित ब्रह्म स्वरूपा शाब्दी शक्ति है जो अर्थ के भावानुसार विवर्तित होती है। यह सम्पूर्ण लौकिक प्रक्रिया उसी से प्राप्त हुई है।[3] ऐतरेय ब्राह्मण ने भी "न व वाक्क्षीयते"[4] कहकर ब्रह्म की नित्यता की पुष्टि की है। यही भाव शतपथ ब्राह्मण[5] में भी प्रतिपादित किया गया है।

महाभारत ने भी "आदि एवं अन्तरहित नित्यज्ञान का प्रतिपादक ब्रह्म को कहा है, जिस दिव्य ज्ञान से सम्पूर्ण प्रवृत्तियां प्रारम्भ हुई[6]। वाक्यपदीयकार ने अन्यत्र कहा है कि "वेद शास्त्रज्ञ जानते हैं कि यह सम्पूर्ण जगत् शब्द का ही परिणाम है, क्योंकि छन्दोमयी वेदवाणी से ही यह विश्व-विवर्तित हुआ है।[7] भगवद्गीता कहती है कि यह सम्पूर्ण कार्यमय जगत् ब्रह्म से प्रादुर्भूत हुआ तथा वह ब्रह्म अक्षर से प्रकट हुआ।[8] अथर्ववेद की इस बारे में उक्ति है कि "उसी यज्ञमय प्रभु से ही ऋक्, यजु, साम तथा छन्द की उत्पत्ति हुई। वह छन्द कौन-कौन से हैं। इसका स्पष्टीकरण करते हुए आगे चलकर अथर्ववेद कहता है कि गायत्री उष्णिक् अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप्, जगती ही वे छन्द हैं।[9] यह छन्दोमयी वाक् ही वेद है। वह कौन है जिससे ऋचाएं, यजुष और साम छील कर लोम की भांति निकाले गए हैं।

---

१ रघुवंश १ १

२. ऋचो अक्षरे परमेव्योमन्यस्मिन्देवा अधि-
विश्वेनिषेदु ।। ऋग्वेद १ १६४.३९

३ अनादि निधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम् ।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यत ।।
वाक्यपदीय–आगमकाण्ड–१

४. ऐतरेय ब्रा० ५ १६ ।

५. वाचा हीदं सर्वकृतं तस्माद्वाग्विश्वकर्मार्षि
प्रजापतिगृहीतया त्वयेति प्रजापतिसृष्टया
त्वयेत्येतद्वाच गृह्णामि प्रजाभ्य इति ।।
शतपथ ब्रा ८ १.२.९

६. अनादि निधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयं भुवा ।
आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वा प्रवृत्तयः।।
शान्तिपर्व ।

७ वाक्यपदीप १.१२१

८ भगवद्गीता ३.१५

९ अथर्ववेद १९ ६ १३

१०. अथर्ववेद १९.२१.१

अथर्व ही उसके मुख तुल्य है। वह मुखस्वरूप कौन है?"[11] अर्थात् ज्ञान का आदि स्रोत ब्रह्म ही है।

वेदों का महत्त्व--

राजकीय नियमों के आदि प्रवर्तक मनु महाराज ने वेदों को सम्पूर्ण धर्मों का मूल ही कह दिया है।[12] इतना ही नहीं वे उसे परम प्रमाण कहते हैं।[13] मनुस्मृति के प्राचीन एवं प्रामाणिक टीकाकार कुल्लूक भट्ट श्लोक २.१३ की व्याख्या करते हुए कहते हैं "धर्मं च ज्ञातुमिच्छतां प्रकृष्टं प्रमाणं श्रुतिः। प्रकर्षबोधनेन च श्रुति स्मृतिविरोधे स्मृत्यर्थोनादरणीय इति भावः ।।अर्थात् धर्म को जानने की इच्छा रखने वालों के लिए श्रुति ही प्रमाण है। यदि कहीं स्मृति से उसका विरोध हो तो श्रुति ही प्रमाण होगी। यही बात जाबालस्मृति" श्रुतिस्मृति विरोधे तु श्रुतिरेव गरीयसी ।।कहकर भविष्यपुराण "श्रुत्या सह विरोधे तु, बाध्यते विषय विना" इन शब्दों से प्रतिपादित करते हैं। भारतीय कर्मकाण्ड के मार्तण्ड जैमिनी मुनि अपने मीमांसा शास्त्र में कहते हैं कि वेद विरोधी स्मृति अनपेक्षित होती है।[14] आगे बढ़कर मनु ने "पितरों देवों और मनुष्यों के लिए वेदों को सनातन नेत्र ही बता दिया है।[15]

अर्थशास्त्र के प्रणेता आचार्य चाणक्य तो यह मानते हैं कि "न वेद बाह्यो धर्मः--कौ. अर्थ. ४.१३' अर्थात् वेदेतर धर्म धर्म ही नहीं है।

याज्ञवल्क्य तो वेदों से पृथक् किसी शास्त्र की स्वतन्त्र सत्ता ही नहीं मानते क्योंकि सभी शास्त्र वेदों से निकले हैं तथा वेद का ज्ञान नित्य है।[16] अत्रि ऋषि भी याज्ञवल्क्य मुनि के विचारों से पूर्णतः सहमत हैं, परन्तु उनका ममत्व और भी अधिक है वे कहते हैं कि "वेद से श्रेष्ठ कोई शास्त्र नहीं है तथा माता समान कोई गुरु नहीं है।[17]

ब्राह्मणकार तो स्पष्ट रूप से वेद के रचनात्व को बताते हुए कहते हैं कि उस प्रजापति ने ही इन वेदों की रचना की।[18] तैत्तिरीय ब्राह्मण में कथा है कि "भारद्वाज ने तीन जन्मों में १००-१०० वर्ष की आयु पाकर, निरन्तर ३०० वर्ष तक ब्रह्मचर्यपूर्वक वेद का अध्ययन किया। तब इन्द्र ने पूछा कि मैं अगला जन्म दूं तो तुम क्या करोगे? भारद्वाज ने उत्तर दिया कि पुनः ब्रह्मचर्य पूर्वक वेदाध्ययन करूंगा। तब इन्द्र ने तीन बड़े बड़े पर्वत दिखाये और उनमें से एक-एक मुट्ठी उठाकर कहा कि तुम वेदों को इतना सा ही समझ पाये हो। क्योंकि वेद तो अनन्त हैं।[19] उस अनन्त गुरु का यह ज्ञान भी अनन्त है।

बृहदारण्यकोपनिषद् में तो वेदों को परमात्मा का श्वास ही कह दिया गया है। जैसे सरल एवं

---

११. अथर्ववेद १०.७.२०

१२. वेदोऽखिलोधर्ममूलम् ।।मनु.२.६ ।।

१३. धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः।। मनु.२.१३ ।।

१४. जैमिनीय मीमांसा शास्त्र ।।१.३.३।।

१५. मनु. ६४

१६. न वेदशास्त्रादन्यत्तु, किं चिच्छास्त्रं हि विद्यते निस्सृतं सर्वशास्त्रं तु वेदशास्त्रात् सनातनात्। याज्ञवल्क्यस्मृति ।।

१७. नास्ति वेदात्परं शास्त्रं, नास्ति मातुः समोगुरुः।। अत्रिस्मृति ।।

१८. प्रजापतिर्वा इमान् वेदानसृजत ।। ऐतरेय ब्राह्मण ।।

१९. तैत्तिरीय ब्राह्मण ।।३.१०.११.३ ।।

स्वाभाविक रूप से श्वास-प्रश्वास चलता है इसी प्रकार उस परम ब्रह्म से यह ज्ञान हमें सरल एवं स्वाभाविक रूप से प्रत्येक सृष्टि के आदि में प्राप्त होता रहता है।[२०] मुण्डकोपनिषद् में एक रूपक बांधा है जहां ब्रह्म का मानवीकरण किया गया है। "अग्नि ही उस परमेश्वर का शिरःस्थानीय है। सूर्य एवं चन्द्र दो आंखें हैं दिशाएं ही श्रोत्र हैं वाणी ही साक्षात् वेद है और उससे ही ऋक्, यजु एवं साम की दीक्षा प्राप्त होती है।

छान्दोग्योपनिषद् में कहा है कि "देवों ने मृत्यु से भयभीत होकर ज्ञान कर्म उपासनामय वेदों का आश्रय लिया उन्होंने अपने को छन्द रूप वेदमन्त्रों से आच्छादित कर लिया इसी मृत्यु से बचा लेने, ढक लेने के कारण ही इन्हें छन्द कहा जाता है।[२१]

महाभारतकार का शान्तिपर्व में कथन है कि "नाना रूपं च भूतानां कर्मणां च प्रवर्तनम् वेद शब्देभ्य एवादौ निर्मिमीते स ईश्वरः" ईश्वर ने वस्तुओं के नाम और कर्मवेद के शब्दों से निर्मित किये। निरुक्तकार आचार्य यास्क का कथन है कि "पुरुष का ज्ञान अनित्य है इसलिए वेद में कर्मों का नित्यरूप में प्रतिपादन करते हैं।[२२]

दर्शनों ने भी वेद के इस महत्त्व को स्वीकार किया है। इस प्रकरण में कुछ दार्शनिक मन्तव्यों को उद्धृत करना उचित होगा। वैशेषिक दर्शनकार कणाद मुनि ने "परमेश्वर का वचन होने से वेद की प्रामाणिकता स्वीकार की है।[२३] तार्किक शिरोमणि न्यायदर्शनकार गौतम" परम आप्त परमेश्वर का वचन होने और असत्य, परस्पर विरोध आदि दोष रहित होने से वेद को परम प्रमाण मानते हैं।[२४] महाभारत में सांख्यकार कपिल मुनि के ये वाक्य द्रष्टव्य हैं कि "सभी के लिए वेद वाक्य प्रमाण हैं। उन्हें बाद में नहीं बनाया गया। ब्रह्म पद वाच्य वेदों का ज्ञान प्राप्त करना ही चाहिए। एक तो शब्द ब्रह्म वेद, दूसरा पर ब्रह्म है। शब्द ब्रह्म में जो निपुण है वही परब्रह्म को प्राप्त कर सकता है।[२५]"

योगदर्शनकार पतञ्जलि मुनि "परमेश्वर को नित्य वेद का ज्ञान होने के कारण सब पूर्वजों का भी गुरु कहते हैं।[२६] वेदान्त के सूत्र "शास्त्र योनित्वात्" की व्याख्या करते हुए महान् दार्शनिक आचार्य शंकर कहते हैं:—"ऋग्वेदादि शास्त्र अनेक विद्याओं से सम्पन्न हैं। दीपक की भांति सभी अर्थों एवं विद्याओं को प्रकाशित करने वाले हैं। अतः

---

२०. बृहदारण्यकोपनिषद् ॥४.५.११॥

२१. यदेभिरच्छादयन् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम् ॥ १.४.२॥

२२. पुरुषविद्याऽनित्यत्वात् कर्मसम्पत्तिर्मन्त्रोवेदे॥ निरुक्त अध्याय १.१

२३. तद्वचनादाम्नायस्य प्रामाण्यम् ॥ वैशेषिक १.१.३ ॥

२४. न्याय दर्शन ॥ २.१.६७ ॥

२५. वेदाः प्रमाणं लोकानां न वेदाः पृष्ठतः कृताः। द्वये ब्रह्मणि वेदितव्ये शब्दब्रह्म परं च यत्। शब्द ब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति ॥ मोक्ष धर्म पर्व ॥

२६. स एव पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात् ॥ योगदर्शन, समाधिपाद-२६

सर्वज्ञ ब्रह्म ही उनका कर्ता है क्योंकि सर्वज्ञ ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य कोई भी इस प्रकार सर्वगुण युक्त शास्त्रों (वेदों) की रचना कर सके यह संभव नहीं है।[२७]"

दर्शनों की परम्परा में गीता पर भी विचार करना प्रासंगिक ही है भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि "धर्म कर्म की उत्पत्ति ब्रह्म अर्थात् वेद से होती है। वह वेद अविनश्वर परमात्मा से उद्भूत होता है। इसलिए सर्वव्यापक परमात्मा को सदा यज्ञ क्रिया में प्रतिष्ठित समझो।"[२८] इस प्रकार श्रीकृष्ण भी वेदों को परमेश्वर से उत्पन्न मानते हैं। इस श्लोक की व्याख्या करते हुए आचार्य शंकर कहते हैं "कर्म की उत्पत्ति वेद से, वेद की उत्पत्ति अविनाशी परमात्मा से हुई है। वेद साक्षात् परमात्मा से पुरुष के निश्वास की भांति प्रादुर्भूत हुआ अतः सर्वविद्याओं का प्रकाशक होने से उसे सर्वगत कहा है। सर्वगत एवं नित्य वेद यज्ञ विधि की प्रधानता से यज्ञ में प्रतिष्ठित है।"

चारों वेदों के भाष्यकार आचार्य सायण अपने अथर्वभाष्योपोद्घात में वेदों को अपौरुषेय एवं नित्य कहते हैं।[२९] पुनश्च मंगलाचरण करते हुए कहते हैं "ये वेद जिसके श्वास तुल्य हैं जो वेदों से सम्पूर्ण जगत् का निर्माण करता है उस विद्याओं के तीर्थस्थान भूत महेश्वर को मैं नमन करता हूं।"महर्षि दयानन्द तो वेद के इतने कट्टर समर्थक हैं कि उन्होंने आर्य समाज का तीसरा नियम यह बनाया है कि "वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है वेद का पढ़ना पढ़ाना, सुनना, सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।"

गुरु ग्रन्थ साहब में नानक जी भी कहते हैं कि "वेद ईश्वर की कृति है[३०]" "चारों वेदों की कीमत कोई नहीं बता सकता क्योंकि वे (ज्ञान की राशि होने से) अनन्त हैं।[३१]"

वेद शब्द की व्युत्पत्ति

हमने अब तक प्राचीन विद्वानों के वेद सम्बन्धी मन्तव्य देखे जो कि भारतीय संस्कृति में वेदों का महत्त्व प्रतिपादित करते हैं। इस प्रकरण में हम वेद शब्द पर विचार करेंगे।

वैदिक साहित्य में वेद शब्द दो रूपों में हमें प्राप्त होता है--

१–आद्युदात्त–वेद

२–अन्तोदात्त–वेद शब्द।

आचार्य पाणिनि ने भी (उञ्छादि ६.१.१.६० तथा वृषादि ६.१.२०३) दो गणों में वेद शब्द पढ़ा है। करण अर्थ में वेद अन्तोदात्त है।

२७. वेदान्तदर्शन १.१.३ की व्याख्या में आचार्य शंकर।

२८. कर्म ब्रह्मोद्भवं विद्धि ब्रह्माक्षर समुद्भवम्।
तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म। नित्यं यज्ञे प्रतिष्ठितम्।।
भगवद्गीता ३.१५।

२९. तस्मादपौरुषेयत्वान्नित्यत्वाच्च कृत्स्नस्यापि वेदराशेः ।।सायण-अथर्वभाष्योपोद्घात।

३०. ओंकार वेदनिरमए, गुरुग्रन्थसाहब, राग रामकली, महला। ओंकार शब्द।

३१. सामवेद, ऋग् जजुर अथर्वण। ब्रह्मे मुख माइया है त्रैगुण।
ताकी कीमत कीत कह न सके को।
ति उ बोले जिउ बोलाइदा।।
मारु सोलहे महला। शब्द १७

महर्षि दयानन्द ने भी अपने सौवर नामक ग्रन्थ में "वेगवेदवेष्टबन्धा करणे" सूत्र में "वेत्ति येन स वेदः" कहकर इसे सम्पुष्ट किया है।

शेष सभी अर्थों में वृषादिगण का आद्युदात्त वेद शब्द है। आद्युदात्त (वेद) शब्द वेद अर्थ मे ऋग्वेद में एक स्थान पर भी आया है। चौदह स्थानों पर वेदः शब्द प्राप्त होता है,परन्तु वह सर्वत्र धनवाकी वेदस् शब्द है। अथर्ववेद मे वेद शब्द धनवाकी वेदस् शब्द है। अथर्ववेद में वेद शब्द दो बार वेद (ज्ञानमय, मन्त्रमय) अर्थ मे आया है।

१. ।एष मा तस्मान्मा हिंसीद्वेदः पृष्टः शचीपते ॥ ७.५४.२॥
२. वेद आस्तरणं ब्रह्मोपबर्हणम् ॥१५.३.३७॥ इसी प्रकार यजुर्वेद मे भी एक के स्थान पर है। वेदेन रूपे व्यपिवत् सुतासुतौ प्रजापतिः।१६.७८

वैसे अनेक स्थानों पर वेदवाचक वाक्, गीः, वर्चस् इत्यादि शब्द हमें प्राप्त होते हैं। जैसा कि चतुर्वेद भाष्यकार पंडित जयदेव विद्यालंकार स्वीकार करते हैं।

वेद की व्युत्पत्तियों पर विचार करते समय हमे तैत्तिरीय संहिता में प्राप्त होता है कि "वेदेन वै देवा असुराणां वित्त वेद्यमविन्दत। तद् वेदस्य वेदत्वम् ।।" १.४.२०॥ इसी प्रकार तैत्तिरीय ब्राह्मण की एक कथा में कहा है कि "वेदिर्देवेभ्यो निलायत तां वेदेनान्वविन्दन् । वेदेन विविदुः वेदिं पृथिवीम् ।।" ३.३.६.६६)॥

ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका में ऋषि दयानन्द ने वेद शब्दकी व्युत्पत्ति करते हुए लिखा है "विदन्ति जानन्ति, विद्यन्तेभवन्ति, विन्दन्ति विन्दन्ते लभन्ते विन्दते विचारयन्ति सर्वे मनुष्याः सर्वा सत्यविद्या-यैर्येष वा तथा विद्वान्सश्च भवन्ति ते वेदाः ।" इस प्रकार अनेक धातुओं से वेद शब्द का अर्थ ज्ञापित किया है।

अंग्रेजी में वेदार्थक ज्ञान को Wit to know और लैटिन में Video ( to see ) इन पारिभाषिक शब्दों द्वारा प्रकट किया जाता है। श्री गैरोला जी के अनुसार इस प्रकार वेद न तो कुरान के समान एकमात्र पुस्तक है, न ही बाईबिल की भांति अनेक महापुरुषों की वाणियों का संग्रह मात्र ही। वह तो एक सम्पूर्ण साहित्य है।"

★ ★ ★

**विभर्ति सर्व भूतानि वेदशास्त्र सनातनम् ।**
**तस्माततत्परं मन्ये यज्जन्तोरस्य साधनम् ॥१२-६६॥**

भगवान् मनु का कहना है कि - वेद शास्त्र में ही सामर्थ्य है कि समस्त प्राणियों का धारण - पोषण करे। अतः विज्ञानी व्यक्ति का यह परम कर्त्तव्य है कि वह अपने को वेद साधना से सम्पुष्ट करे।